भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 447

जिसका उत्तर 24 जुलाई, 2024 को दिया जाना है

कोयले का घरेलू उत्पादन

447. श्री पी. वी. मिधुन रेड्डी:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान विश्व के विभिन्न देशों से देश-वार कितनी मात्रा में कोयले का आयात किया गया;

(ख) क्या सरकार ने वर्तमान/आगामी वित्तीय वर्ष के दौरान रक्षित और वाणिज्यिक कोयला खानों से 186.63 मिलियन टन (एमटी) उत्पादन के लक्ष्य की घोषणा की है;

(ग) यदि हां, तो देश में चल रही रक्षित और वाणिज्यिक कोयला खानों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) कोयले के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और आयात को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

कोयला एवं खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : पिछले तीन वर्षों के दौरान कोयले का देश-वार आयात नीचे दिया गया है -

(मिलियन टन में)

देश	2021-22	2022-23	2023-24 (अनंतिम)
ऑस्ट्रेलिया	66.80	47.50	43.70
कनाडा	2.15	2.90	3.17
चीन पीआरपी	2.62	0.13	0.09
इंडोनेशियाई	72.53	109.83	115.71

मोज़ाम्बिक	6.57	9.17	8.71
न्यूज़ीलैंड	0.10	0.32	0.22
रूस	8.25	21.34	22.88
दक्षिण अफ़्रीका	25.77	17.45	28.52
यू.एस.ए.	14.37	13.69	21.22
सिंगापुर	6.14	10.07	10.07
अन्य	3.33	5.27	6.71
कुल	**208.63**	**237.67**	**261.00**

(ख) : वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान देश में कोयला मंत्रालय द्वारा आवंटित कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों से 170 मिलियन टन (एमटी) कोयले के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

(ग) : देश में कोयला उत्पादन के अंतर्गत कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला खानों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ) : सरकार ने कोयले की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए देश में घरेलू कोयला उत्पादन को बढ़ाने हेतु अनेक कदम उठाए हैं। शुरू की गई कुछ प्रमुख पहलों में सिंगल विंडो क्लीयरेंस, खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 में संशोधन करना ताकि कैप्टिव खानों को अंत्य उपयोग संयंत्रों की आवश्यकता को पूरा करने के बाद अपने वार्षिक उत्पादन का 50% तक बेचने की अनुमति दी जा सके, एमडीओ मोड के माध्यम से उत्पादन, व्यापक उत्पादन प्रौद्योगिकियों के उपयोग में वृद्धि, नई परियोजनाएं और मौजूदा परियोजनाओं का विस्तार, और वाणिज्यिक खनन के लिए निजी कंपनियों/पीएसयू को कोयला ब्लॉकों की नीलामी करना शामिल है। वाणिज्यिक खनन के लिए 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की भी अनुमति दी गई है।

****

अनुबंध

देश में कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला खानें, जहां उत्पादन किया जा रहा है, निम्नानुसार हैं-

कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला उत्पादक खानें (2024-25)			
क्र.सं.	राज्य	खान के नाम	आवंटिती
1	झारखंड	पचवारा नॉर्थ	पश्चिम बंगाल विद्युत विकास निगम लिमिटेड
2	पश्चिम बंगाल	बरजोरा	
3	पश्चिम बंगाल	बरजोरा (नॉर्थ)	
4 और 5	पश्चिम बंगाल	गंगारामचक और गंगारामचक भदुलिया	
6 और 7	पश्चिम बंगाल	तारा ईस्ट और वेस्ट	
8	पश्चिम बंगाल	ट्रांस दामोदर	दुर्गापुर प्रोजेक्ट्स लिमिटेड
9	ओडिशा	दुलंगा	एनटीपीसी लिमिटेड.
10	छत्तीसगढ़	तलाईपल्ली	
11	झारखंड	पकरी बरवाडीह	
12 और 13	झारखंड	चट्टी बरिअतू एंड चट्टी बरिअतू साउथ	
14	झारखंड	केरनदारी	
15	पश्चिम बंगाल	सरिसातोली	सीईएससी लिमिटेड
16 और 17	ओडिशा	मनोहरपुर और मनोहरपुर डिपसाइड	ओडिशा कोल एंड पावर लिमिटेड
18	ओडिशा	तालाबीरा II और III	एनएलसीआईएल
19	मध्य प्रदेश	अमेलिया नॉर्थ	जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड
20	तेलंगाना	तडीचेरला-I	टीएसजीईएनसीओ
21-26	महाराष्ट्र	बरंज I, बरंज II, बरंज III, बरंज IV, मनोरा दीप और किलोनी	कर्नाटक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
27	छत्तीसगढ़	गारे पालमा सेक्टर III	छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड

28 और 29	छत्तीसगढ़	परसा ईस्ट एंड कांता बसन	राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
30 और 31	मध्य प्रदेश	मोहरे और मोहरे अमलोरी	ससन पावर लिमिटेड
32	झारखंड	पचावारा सेंट्रल	पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
33	मध्य प्रदेश	अमेलिया	टीएचडीसी
34	झारखंड	तूबेड	डीवीसी
35	मध्य प्रदेश	सियाल घोघरी	आरसीसीपीएल
36	झारखंड	कथौटिया	एचआईएल
37	छत्तीसगढ़	गारे पाल्मा IV/4	एचआईएल
38	महाराष्ट्र	बेलगांव	सनफ्लैग आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड
39	महाराष्ट्र	मर्की मंगली-I	टीयूएमएल
40	महाराष्ट्र	मर्की मंगली-III	बी एस इस्पात लिमिटेड
41	छत्तीसगढ़	गारे पाल्मा IV/8	अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड
42	मध्य प्रदेश	बिचारपुर	अल्ट्राटेक सीमेंट
43	ओडिशा	जामखानी	वेदांता लिमिटेड
44	छत्तीसगढ़	चोटिया	भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड
45	ओडिशा	उत्कल डी	नालको
46	झारखंड	तसरा	एसएआईएल
47	मध्य प्रदेश	सुलियारी	एपीएमडीसीएल
48	छत्तीसगढ़	गारे पाल्मा IV/7	शारदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड
49	छत्तीसगढ़	गारे पाल्मा IV/1	जिंदल पावर लिमिटेड
50 और 51	मध्य प्रदेश	गोटितोरिया ईस्ट और वेस्ट	बॉल्डर स्टोन मार्ट प्राइवेट लिमिटेड
52	छत्तीसगढ़	गारे पाल्मा IV/6	जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड
53	ओडिशा	उत्कल सी	
54	महाराष्ट्र	तकली-जेना-बेल्लोरा (नार्थ) और	ऑरो इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड

		तकली-जेना-बेल्लोरा (साउथ)	
55 और 56	छत्तीसगढ़	जीपी IV/2 और IV/3	जिंदल पावर लिमिटेड
57	ओडिशा	तालाबीरा-I	जीएमआर छत्तीसगढ़ एनर्जी लिमिटेड
58	पश्चिम बंगाल	अर्धग्राम	ओसीएल आयरन एंड स्टील लिमिटेड

हमारे रिकार्ड के अनुसार पिछले तीन वर्षों के दौरान कैप्टिव/वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों से राज्य-वार तथा वर्ष-वार उत्पादन निम्नानुसार है -

(मिलियन टन में)

राज्य	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 (30 जून तक)
छत्तीसगढ़	21.20	27.78	31.47	10.79
झारखंड	18.07	29.77	40.21	8.48
मध्य प्रदेश	22.30	24.27	32.29	8.58
महाराष्ट्र	0.53	0.57	0.32	0.25
ओडिशा	16.89	25.03	31.18	9.29
तेलंगाना	2.21	2.50	2.50	0.61
पश्चिम बंगाल	4.42	6.76	9.14	1.54
कुल योग	**85.62**	**116.68**	**147.12**	**39.53**